तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 शासन की मंशानुरूप योजनाओं का जमीनी...



14 ग्रामीणों को मौके पर मिला विभिन्न योजनाओं...




## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी हुई कार्यवाई

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 7 मई को आरोपी पीव्ही 85 निवासी 42 वर्षीय मनोरंजन हलादार को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाटल में भरी हुई 130 एमएल देशी महुआ शराब कीमती 35 रूपएं व तीन नग डिस्पोजल को जब्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दूसरी कार्यवाही में आरोपी ईरपानार स्पपन सरन्वा के घर परछी में 7 मई को छापामार कार्यवाही किया। मौके पर आरोपी अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए लोगो को शराब पीने के लिए जगह व सुविधा दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत 17 वर्षीय योगिता दर्रो ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मंगता साल्हेटोला निवासी राजकुमार दर्रो ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 7 मई को अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शिवानी और गीतिका ने विद्यालय का नाम रोशन किया

**चारामा।** सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय जेपरा का कक्षा 10 वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 वीं में 75 और कक्षा 12 वीं में 100 प्रतिशत परिणाम हांसिल किया। दसवीं में शिवानी ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में गीतिका ने 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरव से ऊंचा किया।

### ईलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गुरूर थानांतर्गत ग्राम घोघोपुरी निवासी 23 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर का ईलाज के दौरान 3 नवंबर को डीकेएस अस्पताल रायपुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने कांकेर थाना में अस्पताली मेमो पेश कर बताया कि मृतक का ईलाज के दौरान मौत होने की जानकारी दिया। कांकेर पुलिस ने जीरों में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नसीतह : जनप्रतिनिधियों को संगठन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने कहा

# जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों के साथ-साथ धर्मांतरण रोकने जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी करना चाहिए काम : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- सामाजिक समस्या और चुनौतियों को समझ कर जनप्रतिनिधि करें राजनीति

छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को इसलिए चुना क्योंकि भाजपा सुशासन दे सकती है । कांग्रेस में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद था, इसलिए जनता ने 5 साल में ही सत्ता वापिस बीजेपी को दे दिया। भाजपा के जनप्रतिनिधियों को विकास के काम के साथ-साथ ऐसे सामाजिक काम करें जो जनता को दिशा दे सकें। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि धर्मांतरण भी रोकने का काम करें। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कही।






कांकेर के नए कम्युनिटी हाल में 8 मई को सुबह 10 बजे से आयोजित भाजपा के जनप्रतिनिधियों की बैठक में परिचय लेने के उपरांत भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों से संवाद के माध्यम से समाधान करना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को पाकिस्तान पर मिसाइल स्ट्राइक के लिए बधाई दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकियों के समूल नाश की दृढ़ प्रतिज्ञा से भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया है। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और शौर्य की प्रशंसा करते बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को काम सीखने की जरूरत है। समस्या का समाधान कैसे होगा,यह सीखने की जरूरत है । जनप्रतिनिधि अधिकारियों से संपर्क कर समस्या समाधान के लिए आवेदन दें, इसके साथ ही संगठन प्रमुख को भी समस्या से अवगत कराए। छत्तीसगढ़ में पंच से पार्लियामेंट तक हमारे जनप्रतिनिधि है। जनप्रतिनिधियों को सलाह देते हुए कहा कि सामाजिक समस्या और चुनौतियों को समझ कर राजनीति करें। हर समाज में भाजपा का नेता, कार्यकर्ता बनाने का कार्य करें, पार्टी को सर्वव्यापी बनाने के लिए कार्य करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्य के लिए प्रयास करें।

नक्सल प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य करें। जनप्रतिनिधियों को समाज से जुड़ने की जरुरत है। धर्मान्तरण के विरुद्ध कार्य करें, अपने क्षेत्र में धर्मांतरण रोकने का कार्य करें। धर्मांतरण के कारणों का पता लगाएं और लोगो को धर्म परिवर्तन से रोके। लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए। समाज को जागरूक करने का काम करें। समाज की बुराइयों के खिलाफ लोगो को जागरूक करें। बारिश में वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की चिंता करें और जल स्त्रोतों का संरक्षण करें।

### संगठन के कार्य के साथ करें विकास के कार्य

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने सर्वप्रथम सभी को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने नष्ट करने पर बधाई दिया। उन्होंने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने नवनिर्वाचित जिला, जनपद, पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को बधाई दी । उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को संगठन के साथ समन्वय बना कर कार्य करने की नसीहत दी । उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ नए जुड़े जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे पार्टी की रीति नीति से परिचित होकर संगठन का कार्य करने के साथ ही सरकार के साथ विकास कार्यों में भागीदार बने।

### मंच पर ये रहे आसीन

आयोजित बैठक में मंच पर बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल सोरी, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और अन्य मंचस्थ रहे। इसके अलावा बैठक में भाजपा के प्रदेश, जिला, मण्डल पदाधिकारी व भाजपा के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री बृजेश चौहान ने किया ।

### बेटे ने पिता के साथ हाथ मुक्का से की मारपीट



**कांकेर।** कन्हनपुरी पति ने पत्नी से रात में खाना मांगा। पत्नी ने खाना खत्म होने की बात कही। इस पर पति पत्नी पर चिल्लाने लगा। पत्नी के ऊपर चिल्लाने से बेटा गुस्सा हो गया। उसने अपने पिता के ऊपर हाथ मुक्का व चूड़ा से मारपीट कर दिया, जिससे पिता को चोट आ गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे कन्हनपुरी निवासी 49 वर्षीय सुरेश कुमार कुंजाम पिता स्व. प्रेम सिंह कुंजाम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 7 मई की रात 11 बजे अपने घर में खाना खाकर टीवी देख रहा था। तभी मुझे और खाना खाने का मन किया। अपनी पत्नी को बोला कि और खाना हो तो दे दो। मेरी पत्नी बोली कि खाना खतम हो गया है। तब मैं उसे बोला कि खाना थोड़ा ज्याद क्यो नहीं बनाती हो, करके जोर से बोल रहा था। तभी मेरा बेटा चमन सिंह कुंजाम आया और मां के साथ बहस करते हो कहकर मुझे गाली देने लगा। बेटे को समझाया परंतु बेटे का गुस्सा सातवें आसमान पर था। मुझे जान से मार दूंगा कहकर हाथ मुक्का व अपने हाथ में पहने चुड़ा से मारपीट करने लगा, जिससे मेरे पीठ और आंख में चोट लगा है। बेटे के इस व्यवहार से ⏭ शेष पेज 12 पर

## प्रावीण्य सूची में शामिल जिले के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रभारी सचिव ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा 2025 के नतीजों में कांकेर जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिले के 7 विद्यार्थियों को उनके माता-पिता के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव शम्मी आबिदी द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं लैपटॉप प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्होंने उनके परिजनों और



शिक्षकों को भी बधाई दी। विद्यार्थियों को इसी तरह मेहनत के साथ आगे बढ़ने को कहा। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं में विकासखण्ड कांकेर के शासकीय उमावि कोदागांव के अखिल सेन ने 98.20 प्रतिशत और दसवीं में पखांजूर तहसील के शासकीय विद्यालय उमावि गोण्डाहूर की इशिका बाला ने 99.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय टॉपटेन में स्थान बनाकर जिले को गौरान्वित किया है। इसके अलावा 10 वीं के पांच विद्यार्थियों ने भी श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर जिले के उपलब्धियों की सूची ⏭ शेष पेज 12 पर

## एफआईआर लिखाने की बात को लेकर रॉड से किया हमला बाइक को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सिंगारभाट के बंगाली कैम्प के पास एफआईआर करने की बात को लेकर आरोपी ने दो लोगों की जमकर पिटाई कर दिया। आरोपी ने रॉड से हमला कर युवक के सिर पर चोट पहुंचाया व जान से मारने की धमकी दिया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बंगाली कैम्प सिंगारभाट निवासी 40 वर्षीय विजय देवनाथ पिता दुलालचंद देवनाथ ने पुलिस को बताया कि ठेकेदारी का काम करता हूं और 7 मई की रात करीबन साढ़े 7 बजे घर के बगल में दुकान है, वहां पर रुका था। दुकान के पास संदीप देवनाथ पिता स्व. परिमल देवनाथ मेरे पास आया और मुझे गाली देते हुए कहने लगा कि पूर्व में मेरे ऊपर एफआईआर किए हो उसे वापिस



लो, नहीं तो तुझे और तुम्हारे भाइयों को जान से मार दूंगा। जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा। मेरे चिल्लाने पर मेरा भाई पहुंच गया और मारपीट करने वाले आरोपी को मारपीट नहीं करने के लिए समझाने लगा। आरोपी मेरे भाई पर लोहे के राड से हमला बोल दिया, जिससे मेरे भाई के सिर में चोट लगा एवं मेरे गाल, दाहिने हाथ में चोट आई है। दुकान के पास मेरी खड़ी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 9103 को राड से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी लगातार ⏭ शेष पेज 12 पर

## प्रभारी सचिव सखी सेंटर और बाल गृह का किया निरीक्षण, अमले को बेहतर कार्य करने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के तहत जिले की प्रभारी सचिव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी बैठक के उपरांत सखी सेंटर और बाल गृह का निरीक्षण किया। मौके पर संबंधित संस्थान के प्रभारियों को बेहतर कार्य करने की हिदायत दिया।

सखी सेंटर पहुंची प्रभारी सचिव सखी सेंटर में संपादित किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी लेने के साथ-साथ हितग्राहियों से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। सखी सेंटर से हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारियां भी प्राप्त किया। सखी सेंटर के अमले को सखी वन स्टॉप सेंटर का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि जिले की महिलाओं को इससे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। सखी सेंटर का निरीक्षण करने के उपरांत प्रभारी सचिव सिंगारभाट में संचालित बालिका गृह पहुँची, जहाँ उन्होंने बालिका गृह में निवासरत बालिकाओं से उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में तथा बालिका गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बालिकाओं के कक्षों का भी अवलोकन किया, किचन में रखी सामग्रियों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। बालिका गृह में संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण सुविधाओं का



अवलोकन किया तथा वहां निवासरत अधिक से अधिक बालिकाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उनके द्वारा बालक कल्याण समिति तथा किशोर न्याय बोर्ड का भी अवलोकन किया तथा वहाँ बालकों के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों का भी निरीक्षण करते हुए शासन के निर्देशानुसार प्रकरणों का त्वरित निपटारा करने के भी निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने दोनो संस्थानों के अधिकारियों को हिदायत दिया कि संस्थाओं से जुड़े लोगों को सीधा लाभ हो, इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। यह प्रयास करें कि जिस उद्देश्य से संस्था खुली है, उसका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले।

## पानी टंकी में गिरा मरा हुआ कबूतर, फिर भी सप्लाई जारी

**दुर्गूकोंदल।** ब्लाक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में ग्राम पंचायत के द्वारा पेयजल सप्लाई टाइम नल के माध्यम किया जाता है। टंकी में मरे हुए कबूतर गिरने की जानकारी हुई तो आसपास के लोगों ने टाइम नल से पानी लेना ही बंद कर दिया। पीने के लिए सौर पंप से पानी भर रहे हैं। इधर कबूतर गिरने की जानकारी नहीं होने से दूसरे मुहल्ले ग्रामीण इसी टंकी की पानी को पी रहे हैं। जानकारी के अनुसार 8 मई की सुबह लोगों को पीने की पानी सौर पंप से भरते देखने पर तब लोगों ने बताया कि दुर्गूकोंदल के पानी टंकी में घुसकर कबूतर मर गया है। चार दिन पहले बदबू कर रहा था। कबूतर के पंख छोटे छोटे टुकड़े टाइम नल से बहकर आते देखे हैं। इस कारण टंकी का पानी नहीं लेते हैं। इधर कबूतर मरने की जानकारी के बाद भी ग्राम



पंचायत दुर्गूकोंदल पानी सप्लाई जारी रखा। 8 मई को सुबह टंकी में कबूतर घुसकर मरने की खबर वायरल हुई तो आम लोग नाराज हुए और पानी भरना भी बंद कर दिया है। इधर पानी टंकी में कबूतर घुसकर मरने और उसी टंकी से पेयजल सप्लाई की खबर सोशल मीडिया वायरल होते विधायक सावित्री मंडावी ने संज्ञान लिया। विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम को भेजकर सरपंच से बात की। पीएचई विभाग के अधिकारियों को जल्द टंकी साफ कराने का निर्देश दिए। सरपंच दुर्गूकोंदल शकुंतला नरेटी ने कहा कि कबूतर मरने की जानकारी मिली है, जल्द टंकी को साफ कराऐंगे।

## डुमाली समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- शिविर में हितग्राहियों को आवास एवं शौचालय की मिली स्वीकृति

विकासखंड कांकेर के ग्राम डुमाली में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। शिविर में नवीन आधार कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को



स्वीकृति राशि का प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड सहित कई योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण महाअभियान की भी शुरुआत की गई, जो 8 मई से जिलेभर में चलाया जाएगा। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आज का शिविर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें एक ही स्थान पर उन्हें अनेक योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण के लिए सभी ग्रामवासी जागरूक हों, यही हमारी अपील है। 'बूंद-बूंद से घड़ा भरता है', इसी सोच के साथ हम सबको मिलकर काम करना है। शिविर में सुशासन तिहार में विभिन्न मांग एवं शिकायत को लेकर प्राप्त 508 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 490 मांग और 18 शिकायत के आवेदन शामिल है। इन आवेदनों का निराकरण करते हुए 08 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को शौचालय की स्वीकृति, 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति, 03 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड और 05 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## सुशासन में शिकायत होने के बाद अधूरे कार्य को पूरा करने शुरू हुई लीपापोती

# शौचालय निर्माण कार्य अधूरा, सरपंच व सचिव ने निकाली पूरी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

पंडरीपानी में करीब एक साल पहले शौचालय का निर्माण किया गया था, जिसकी लागत 3 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक उस शौचालय का काम अधूरा है, सैप्टिक टैंक अधूरे पड़े हुए हैं। काम अधूरा होने के बावजूद पूरी राशि निकाली जा चुकी है। जानकारी के अनुसार विकासखंड चारामा के ग्राम पंडरीपानी में महिला एवं पुरूष के लिए सामुदायिक शौचालय बनाया गया है, परंतु बिल्डिंग तो बना दिया गया, परंतु सैप्टिक टैंक खुले पड़े हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि काम अधूरा होने के कारण शौचालय का उपयोग आज तक नहीं हो पाया है जबकि राशि पूरी निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों ने जब इस गड़बड़ी की शिकायत सुशासन दिवस के मौके पर किया, उसके बाद अधूरे निर्माण को फिर से शुरू किया गया। शिकायत के बाद लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है और प्रतिबंधित लाल ईंट से सैप्टिक टंकी को नियमों का दरकिनार करते हुए बनाया जा रहा है, जैसा ग्रामीणों ने बताया।









### बोर्ड पर निर्माण समय का नहीं है उल्लेख

निर्माण कार्य के लिए भवन स्थल के पास एक बोर्ड लगा हुआ है, जिसमें लिखा है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाया शौचालय का निर्माण हुआ है। इस बोर्ड पर न तो कार्य प्रारंभ करने का समय लिखा है और न ही कार्य पूरा करने का निर्धारित समय लिखा है। मनरेगा के एपीओ और रोजगार सहायक ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई दी, इनकी लापरवाही के कारण इस तरह के बोर्ड लगाया गया है।

### जिम्मेदारी लेने से बचते हुए आ रहे नजर

पंडरीपानी ग्राम पंचायत के दो माह पहले निर्वाचित हुए सरपंच सूरज उइके ने बताया कि यह निर्माण कार्य पूर्व सरपंच रेखा देहारी और सचिव धीरज जैन के कार्यकाल में हुआ था, इसके बारे में वहीं सही जानकारी दे सकते है। हरिभूमि ने सचिव धीरज जैन से जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि यह हमारे कार्यकाल का नहीं है, यह पूर्व सचिव बालाराम साहू के कार्यकाल का है, इसकी जानकारी वहीं बता सकते है।

## पानीडोबीर, कोदागांव और सरोना क्लस्टर में आज समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सुशासन त्योहार के तीसरे चरण चौथा शिविर आज 8 मई को नरहरपुर, कांकेर और कोयलीबेड़ा

- बंडापाल में अब 26 को लगेगा शिविर

विकासखंड में लगाया जाएगा, जिसमें आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन 31 मई तक किया जाएगा। इसी के तहत आज 9 मई को जनपद पंचायत कांकेर के क्लस्टर कोदागांव अंतर्गत ग्राम




कोदागांव, पोटगांव, अण्डी, केंवटीनटोला, तालाकुर्रा, कोकानपुर, बाबूदबेना, मरकाटोला, कन्हारपुरी, धनेलीकन्हार और बारदेवरी सम्मिलित होंगे। जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर पानीडोबीर अंतर्गत ग्राम केसेकोड़ी, कड़मे, पानीडोबीर, गुड़ाबेड़ा और आलपरस शामिल हैं। नरहरपुर तहसील के क्लस्टर सरोना अंतर्गत ग्राम बुदेली, करप, डंवरखार, मुड़पार, सरोना, चोरिया, साल्हेभाट, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डारा, बांसपत्तर, रावस, मरकाटोला तथा बाबू साल्हेटोला में समाधान शिविर लगाया ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### ट्राइब्स इंडिया आउटलेट में जनजातीय शिल्पकलाओं को लोगों ने सराहा




**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने गुरुवार को शहर के समीप बुरुंडवाड़ा सेमरा में स्थित ट्रायफेड के ट्रायफूड पार्क का अवलोकन कर यहां पर काजू, ईमली, चिरौंजी, आंवला इत्यादि के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किए जा रहे विभिन्न मशीनरी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कोल्ड स्टोरेज के लिए निर्माणाधीन भवन के सम्बंध में पूछा। कमिश्नर ने ट्रायफेड के चांदनी चैक स्थित ट्राइब्स इंडिया आउटलेट में भी काष्ठशिल्प, लौह शिल्प, बेलमेटल, बांस शिल्प आदि जनजातीय शिल्पकलाओं सहित हथकरघा एवं कोसा कपड़े, जैविक उत्पाद इत्यादि का तन्मयता से अवलोकन कर शिल्पकलाओं की सुंदर और अनूठी बनावट की सराहना की। वहीं इन उत्पादों के विपणन के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान ट्रायफेड के प्रभारी अधिकारी जीवीजी राजू ने बताया कि ट्रायफूड पार्क करीब 24 एकड़ में विस्तारित है।

### बड़े आमाबाल का पंचायत सचिव किया गया निलंबित

**जगदलपुर।** सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने सहित उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के कारण विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल के पंचायत सचिव विद्याधर नेताम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विद्याधर नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल द्वारा विगत 4 माह से अनुपस्थित रहने, 24 मार्च तक पूर्व सरपंच से कार्यभार नहीं सौंपा जाना तथा निर्माण कार्यों को पूर्ण कराये जाने के संबंध में लगातार कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किये जाने के बाद भी नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब नहीं किये जाने, जनपद पंचायत द्वारा आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने और ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल में कुल 5 कार्यों के लिए जारी 8 लाख 36 हजार रुपए का हिसाब प्रस्तुत नहीं करने एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु निरन्तर निर्देशित किये जाने के बाद भी निर्माण कार्यों में कोई प्रगति नहीं लाने तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### 3 निर्माण कार्यों के लिए 20 लाख की मिली स्वीकृति

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप की अनुशंसा एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर वर्ष 2024-25 के तहत कलेक्टर हरिस एस के द्वारा बास्तानार ब्लॉक के तुरागुर में 228 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण एवं मूतनपाल में 228 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के लिए सात-सात लाख रुपए और दरभा ब्लॉक के अंतर्गत मुण्डागढ़ में 203 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण हेतु 6 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# वन मंत्री कश्यप ने ग्राम गोलावण्ड में तेन्दूपत्ता फड़ का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री केदार कश्यप द्वारा कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत ग्राम गोलावण्ड में तेन्दूपत्ता फड़ संग्रहण वर्ष 2025 का निरीक्षण किया गया। वनमंडलाधिकारी चुड़ामणी सिंह, संयुक्त वनमंडलाधिकारी आशीष कुमार कोट्रिवार एवं उप प्रबंध संचालक एस. के. नाग भी मौजूद रहे।

गोलावण्ड फड़ में तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य 120.000 मानक बोरा में से अब तक 74.695 मानक बोरा संग्रहण किया गया है। कोंडागांव वनमंडल में 13 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 246 तेन्दूपत्ता संग्रहण फड़ स्थापित है जिनमें तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य कुल 19200.000 मानक बोरा में से अब तक कुल 10093.994 मानक बोरा संग्रहण किया गया है। बस्तर संभाग में वर्ष 2025 में विभागीय तेन्दूपत्ता संग्रहण का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

## अब तक कुल 10093.994 मानक बोरा का संग्रहण



### समय पर पारिश्रमिक दर का भुगतान करने के निर्देश

वन मंत्री द्वारा निरीक्षण के दौरान अच्छी गुणवत्ता का पत्ता संग्रहण करने एवं समय पर पारिश्रमिक दर का भुगतान करने के निर्देश दिये गये। वन मंत्री द्वारा संग्राहकों से सीधी बातचीत किया गया एवं तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिये सामाजिक, आर्थिक कल्याणकारी योजनाए संचालित होना बताया गया। तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक दर 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा होने पर खुशी जाहिर करते हुये वन मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

बैठक : 10 मई से जिले में शुरू होगा समर कैंप, कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

# बच्चों के लिए समर कैंप में होंगी योगा से लेकर क्रिकेट तक कई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सब–जूनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, कराते, तीरंदाजी आर्चरी, स्वीमिंग, कैरम और शतरंज जैसे खेलों का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक होगा। स्वीमिंग का प्रशिक्षण सुबह 8 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक अलग से संचालित किया जाएगा।

गतिविधियों की शुरुआत हर दिन सुबह योग सत्र से होगी, जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न खेल व रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कैंप में अधिकतम 19 वर्ष तक की आयु के बच्चे भाग ले सकेंगे। आयोजन के लिए स्थान चयन और आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी खेल विभाग को सौंपी गई है। खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार को निर्देश दिए गए हैं कि सभी तैयारियाँ समय पर पूरी की जाएं। प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा। इसके लिए खिलाड़ियों का पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन फॉर्म खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय तथा शिक्षा विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं। विकासखंड स्तर से भाग लेने वाले बच्चों के लिए परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं समर कैंप के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर सेना को सौंपी गई है। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी आवश्यक खेल सामग्री और उपकरण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। आयोजित बैठक में प्रशिक्षक, व्यायाम शिक्षक, राष्ट्रीय खिलाडी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला सेनानी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**ये होंगे प्रशिक्षण स्थल** – आरचरी–खेलो इंडिया सेंटर बडेकनेरा, फुटबॉल–विकास नगर आउटडोर स्टेडियम, जूडो–मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियम के पीछे, स्वीमिंग– नगरपालिका स्वीमिंग पूल, टेबलटेनिस– इंडोर स्टेडियम विकास नगर, एनसीसी मैदान हॉल में बैडमिंटन, मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियन के बाजू, विकास नगर इंडोर स्टेडियम में चेस एवं कैरम, जवाहर नवोदय स्कूल में कराते टाउन हॉल में आयोजित होंगी।

# आटो को कार ने ठोंका घायल छात्र की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाइवे 30 जुगानी में पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की दोपहर 1:30 बजे तेज रफ्तार ऑटो ने कार को टक्कर मार दिया। हादसे में ऑटो में सवार फरसगांव नगर के वार्ड क्रमांक 13 तोंदेपारा 15 वर्षीय स्कूली छात्र लालजी यादव पिता स्व सुखराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उपचार के दौरान लगभग 2 बजे घायल छात्र लाल जी यादव की मौत हो गई। जानकारी अनुसार लालजी यादव अपनी मां और अन्य परिजनों के साथ फ़रसगांव तोंदेपारा से कोंडागांव डोंगरीगुड़ा शादी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा था, उसी दौरान जुगानी पेट्रोल पंप के पास ऑटो ने कार को टक्कर मार दिया। मृतक के शव को जिला अस्पताल के शवघर में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ऑटो तेज रफ्तार में थी जिसने मूड रहे कार को टक्कर मार दी । वहीं इस घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई है।

# देवगांव में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों को राहत

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी पहल सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत विकासखंड फरसगांव के ग्राम देवगांव में 7 मई को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदू राम नाग, ग्राम सरपंच, पंच व गांव के परंपरागत पुजारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अविनाश



भोई द्वारा किया गया। यह समाधान शिविर शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह विकास और जनसेवा को गांव–गांव तक पहुंचाने के लिए तत्पर है।

**255 ग्रामीणों की गई स्वास्थ्य जांच** – इस शिविर में कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपकर निर्धारित समय–सीमा में निराकरण की प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 255 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि च्वाइस सेंटर के माध्यम से 56 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। उद्यानिकी विभाग ने 20 सब्जी बीज वितरित किए, मत्स्य विभाग ने 2 जाल प्रदान किए। मनरेगा के अंतर्गत 9 जॉब कार्ड, 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 5 किसान पुस्तिकाएं, 15 जाति प्रमाण पत्र एवं 25 राशन कार्ड का वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, जनपद के मुख्य कार्यपालन आधिकारी रामेश्वर महापात्र एवं रूपेन्द्र नेताम सहित जिला व खंड स्तर के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बोलेरो और बाइक की हुई भिड़ंत एक युवक और दो युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ गंभीर रूप से घायल दो लोग जिला अस्पताल रिफर

नगर के नयापारा में गुरुवार को अपरान्ह 3. 30 बजे बोलेरो क्रमांक सीजी 07 बी डब्लू 8218 और बाइक क्रमांक सीजी 27 क्यू 2926 की आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गई । हादसे में बाइक सवार गुहाबोरंड निवासी बालकुंवर यादव पिता सहदेव यादव , रमशिला यादव पिता सहदेव और देवसरिन मरकाम पिता राजाराम निवासी माझीआठगांव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित लोगों की मदद से तीनों घायलों को उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया । बालकुंवर यादव के हाथ, पैर, सीना और चेहरे में चोट आई है। वही उसकी बहन रमशिला यादव के सर और पैर में चोट आई है। वही




देवसरीन मरकाम के सर में अंदरूनी चोट आई है। बालकुंवर और देवसरीन को गंभीर चोट आने से फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना के बाद बोलेरा चालक ने वाहन को थाने में लाकर खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन माकड़ी की ओर जा रही थी वहीं बाइक में सवार लोग मांझीआठगांव मेला आ रहे थे । फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### कार्रवाई व जागरुकता शिविर के बाद भी हादसों में नहीं आ रही कमी

कोंडागांव जिले में इन दिनों सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रही । हर दिन अलग अलग जगहों पर सड़क हादसे हो रहे है जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है तो कई लोगों की मौत हो रही है। बढ़ते सड़क हादसों में कमी लाने जिला प्रशासन और कोंडागांव पुलिस द्वारा लगातार गांवों में, सार्वजनिक स्थानों में, स्कूलों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। यही नहीं नेशनल हाइवे पर यातायात पुलिस और थानों के सामने थाना पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर चलानी कार्यवाही कर रहे है ताकि लोग कार्रवाई के डर से नियमों का पालन कर सके । अधिकांश लोग शराब का सेवन कर और तेज रफ्तार से वाहन चलाते है। बाइक सवार बिना हेलमेट पहने और तीन सवारी बैठ कर बाइक चला रहे है, वही कार सवार सीटबेल्ट नहीं पहनते हैं । जिनसे सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो जाते है।

# शिक्षा विभाग में चपरासी की विसंगतिपूर्ण वरिष्ठता सूची जारी

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर के आदेश के अनुसार नियमित-आकस्मिकता निधि भृत्य ई संवर्ग की 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में जो वरिष्ठता सूची जारी की गई इस सूची में टी संवर्ग के भृत्य को सम्मिलित किया गया है। इस विसंगति पूर्ण वरिष्ठता सूची को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर को पत्र प्रेषित कर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर 10 मार्च 2015 के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग,आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग का हस्तांतरण स्कूल शिक्षा विभाग में किए जाने के फल स्वरुप नियम 11 में व्याख्या किया गया है कि अलग-अलग संवर्ग के हितलाभ अलग अलग रहेंगे। इस प्रकार ई संवर्ग का अलग तथा टी संवर्ग का अलग वरिष्ठता सूची जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने विसंगति पूर्ण ई संवर्ग की वरिष्ठता सूची में सरल क्रमांक 17 से 42 तक टी संवर्ग के समाहित किए गए भृत्य को पृथक कर टी संवर्ग की वरिष्ठता सूची में समाहित किए जाने की मांग की है।

# कोंडागांव में व्यापम की पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा संपन्न




**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री–इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री–फार्मेसी टेस्ट की परीक्षाएं जिले में शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने बताया की प्री–इंजीनियरिंग टेस्ट के लिए जिले के गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। कुल 180 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 80 छात्र परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, पीपीएचटी परीक्षा के लिए दो केंद्र गुंडाधुर महाविद्यालय एवं बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल, कोंडागांव निर्धारित किए गए थे। इस परीक्षा में कुल 419 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था जिनमें से 200 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्थानों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूरी कर ली गई थीं।

# ट्रक के स्टॉपर से टकरायी बाइक, दो घायल

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नेशनल हाइवे 30 पीपरा चौक के पास बुधवार की रात करीब 10 बजे रोड किनारे खड़ी खराब ट्रक के पीछे रखे स्टॉपर से बाइक टकरा गया । हादसे में बाइक सवार चेरबेड़ा निवासी युवक चमन मरकाम और गोविंद मरकाम घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया गया है। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद रात को ही बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया । बताया जा रहा है कि बाइक सवार तेज रफ्तार में थे। स्टॉपर से टकराने से युवकों को अधिक चोट नहीं आई है। यदि स्टॉपर नहीं होता तो दोनों युवक सीधे ट्रक से टकरा जाते जिसमें उनकी जान जा सकती थी ।

# बड़ेडोंगर में नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**फरसगांव।** केशकाल उप वनमंडल अंतर्गत वन परीक्षेत्र बड़ेडोंगर का कार्यालय फरसगांव से बड़ेडोंगर में नवीन कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में बड़ेडोंगर ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती चंद्रावती पुजारी, शिव कुमार पात्र एवं हुकुम सेटी, श्रीमती बसंती पंच, श्रीमती अनीता पंच , उप वन मंडल अधिकारी फरसगांव टीआर मरई, वन परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव आरएस यादव, बड़ेडोंगर परिक्षेत्र के सभी कर्मचारियों एवं बड़े डोंगर के जन प्रतिनिधियों उपस्थिति में किया गया। बड़ेडोंगर मुख्यालय में ही बड़ेडोंगर वन परिक्षेत्र कार्यालय खुलने से पहले से और अच्छा वनों का संरक्षण हो सकेगा, स्टॉफ में लोगों को और ग्रामीणों को अब अधिक दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। मुख्यालय में ही उनके वन संबंधी कार्य हो आयेंगे।

# विकास कार्यों को तेजी के साथ सुनिश्चित कर रही सरकार : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



गुरुवार को बस्तर जिले के विकासखंड दरभा और बास्तानार के दो ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। दरभा विकासखंड के चिंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में 9 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें चिंगपाल, गाड़मगुड़ा, केशापुर, ककनार, महाकापाल, छिंदबहार, कोयनार सेड़वा और लेंड्रा है। इस शिविर में 2993 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2964 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 29 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

बास्तानार विकासखंड के मूतनपाल में आयोजित समाधान शिविर में मूतनपाल, नाकटोका, मुसकोंटा, बुरगुम, सावगेल, तितरी, लालागुड़ा, सरगीगुड़ा, बिरगाली, ढोकम, और पूसेम ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 2062 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2059 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 3 लंबित हैं। उक्त शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे। चिंगपाल समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। राज्य में हमारी सरकार ने विकास कार्यों को तेजी के साथ सुनिश्चित कर रही है। समाज के हर वर्ग को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने पर ध्यान केन्द्रित कर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना, तेन्दूपत्ता संग्रहण 5 हजार 500 रूपए मानक बोरा, भूमिहीन कृषक मजदूर की राशि, राशन कार्ड इत्यादि का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार बास्तानार विकासखण्ड के ग्राम मुतनपाल में आयोजित समाधान शिविर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य तथा संबंधित क्षेत्र के ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### बेटे ने पिता...

पिता भी हतप्रद रह गया और बेटे को सबक सिखाने के उद्देश्य से पिता ने पुलिस के पास गुहार लगाया। पिता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी बेटे चमन सिंह कुंजाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### प्रावीण्य सूची में...

में अपना नाम जोड़ा है, जिनमें शासकीय उमावि हांकेर के जीवन समद्दार ने 98.67 प्रतिशत, प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के जतीन कुमार ने 98.5 प्रतिशत, सेजेस विद्यालय हरनगढ़ के धीरज बर्मन ने 98.33 प्रतिशत, प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के डेविड गावड़े ने 98.33 प्रतिशत और शासकीय उमावि बैकुण्ठपुर की नमन मंडल ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है।

### एफआईआर लिखाने...

हम लोगों से विवाद करता रहता है और हम लोगों को डर है कि आरोपी हमारे परिवार के साथ कोई भी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है। प्रार्थी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी संदीप देवनाथ के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 324 (4), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### पानीडोबीर, कोदागांव और...

जाएगा। जिले के जनपद पंचायत अंतागढ़ के क्लस्टर बण्डापाल में पूर्व में 09 मई को निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए अब 26 मई को समाधान शिविर नियत की गई है। समाधान शिविर में ग्राम बण्डापाल, देवगांव, गवाड़ी, मुल्ले, करमरी, मातला (ब), आलानार और अर्रा के ग्रामीणजन सम्मिलित होंगे।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को समाधान शिविरों में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई से ग्रामीणों को अवगत कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## खबर संक्षेप

### लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



**सुकमा।** सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने पीएम आवास योजना ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा की। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत समस्त आवासों को अविलंब पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वीकृति के लिए शेष बचे आवासों को जल्द स्वीकृति का कार्य पूर्ण करते हुए, कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के आवासों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पीएम आवास अंतर्गत आवास प्लस सर्वे 2.0 में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को 15 मई के पहले तक सर्वे कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। हाल ही में आत्मसमर्पित नक्सल एवं नक्सल प्रभावित परिवारों को प्रथम किस्त की राशि जारी की गई है। इन आवासों को विशेष रूप से ध्यान देकर जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### जल, जंगल और जमीन को लेकर चर्चा



**बस्तर।** बस्तर ब्लाक के ग्राम छोटे आमाबाल में सीएफआरएमसी पर ग्रामसभा रखा गया था। इस ग्राम सभा में सरपंच पंच ग्राम वासियों की उपस्थित रही। इस बैठक में बस्तर सेवक मंडल से शेखर जंजीर विट्ठल के द्वारा वन अधिकार कानून को लेकर चर्चा साथ ही सीएफआरआर मिलने के बाद जल, जंगल व जमीन को संसाधन प्रबंधन करने पर बताया गया। प्रबंधन योजना पर सभी योजनाओं आजीविका पर विस्तार से जानकारी दी गई और वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जल जंगल जमीन को लेकर चर्चा की गई और जंगल को आग लगने से बचाने पर जानकारी दी गई।

### गमावाड़ा, पालनार और कटेकल्याण में शिविर

**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहारके तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये जाने हेतु समाधान शिविर के आयोजन के अंतर्गत ब्लाक दंतेवाड़ा के गमावाड़ा, ब्लाक कुआकोंडा के पालनार तथा ब्लाक कटेकल्याण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने शिविर आज

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा मिली जानकारी अनुसार 13 मई से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगे वाहनों का फिटनेस नहीं किया जाएगा और ना ही वाहन संबंधित कोई अन्य कार्य किए जाएँगे। इस संबंध में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने हेतु शिविर का आयोजन कल 9 मई को बैलाडिला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन कार्यालय में किया जा रहा है। जहां 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाएगा। सभी वाहन स्वामी आरसी, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ बैलाडिला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन कार्यालय में उपस्थित होकर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना सुनिश्चित करे।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र. क्र. / 202504140500023/ अ-20(1)/2024-25
ग्राम- कन्हारगांव
प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कन्हारगांव के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक नंदकिशोर पिता लीलाधर राठी निवासी बस स्टेण्ड के सामने भानुप्रतपपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम कन्हारगांव स्थित लीज पट्टे की भूमि खसरा नम्बर 151/11 रकबा 0. 0180 हेक्टर राजस्व प्रकरण क्रमांक 93/अ-20 (2)/1983-84 में मेरे स्वर्गीय पिता लीलाधर राठी के नाम से आवेदक था, जिसकी मृत्यु उपरांत उनके वारिस नंदकिशोर राठी राजकुमार राठी, दीपक राठी, अनिल, आशीष राठी, ललित राठी, पूर्णिमा, राखी के नाम पर दर्ज है। आवेदिका भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है पट्टे की अवधि दिनांक 31.03.2014 को समाप्त हो जाने से पट्टे की अवधि 30 वर्ष बढ़ाकर 31.03.2044 तक नवनीकरण कराने हेतु शासन के नियमानुसार लीज पट्टे का नवीनीकरण करने कलेक्टर महोदय जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि के पट्टे की अवधि 30 वर्ष बढ़ाकर 31.03.2044 तक के लिये नवनीकरण किये जाने से किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 15/05/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

## कक्षा 10वीं की रमशीला 97.89 प्रतिशत के साथ राज्य में 9वें स्थान पर

# छू लो आसमान संस्थान कारली के छात्राओं ने उंचाइओं को छुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर सत्र 2024-25 द्वारा एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले में जिला प्रशासन द्वारा संचालित छू लो आसमान आवासीय विद्यालय कन्या परिसर कारली की छात्राओं ने छू लो आसमान संस्थान के नाम को सार्थक करते हुए वास्तव में सफलता के आसमान को छू लिया। इस क्रम में छू लो आसमान संस्थान में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्राओ का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी रमशीला नाग पिता मया राम नाग ने 97.89 प्रतिशत के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर 9वां और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर दंतेवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया।

■ वाणी साहू द्वितीय एवं निहारिका पोया और आस्था वर्मा को मिला तृतीय स्थान

इसके साथ ही कुमारी वाणी साहू 96.17 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं आस्था वर्मा एवं निहारिका पोया ने संयुक्त रूप 95.83 प्रतिशत के साथ जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तनु साहू ने 95.67 प्रतिशत के साथ जिले में छठवां एवं रेशमा बघेल ने 95.50 प्रतिशत के साथ जिले में सातवां, सरस्वती नाग ने 94.83 प्रतिशत के साथ जिले में आठवां, तमन्ना मंडावी ने 94.50 प्रतिशत के साथ जिले में नवां , गीता ने 94.71 प्रतिशत जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित होने का मौका दिया। इसके साथ ही संस्था में कक्षा 10वीं की 8 छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर संस्था को एवं विषय शिक्षक को अभूतपूर्व उपलब्धि से गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य स्तर की मेरिट लिस्ट में कक्षा 10 वीं में 9वां स्थान पाने पर छात्रा रमशीला नाग से फोन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने छात्रा से उसके भावी कैरियर के बारे में पूछा और इस प्रकार कड़ी मेहनत और लगन और मेहनत से अध्ययन करने की समझाइश दी।

इसके साथ ही कक्षा बारहवीं के अंतिम परिणाम में छात्रा कुमारी मुस्कान यादव ने 94.80 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और किरण उसारे ने 90.60 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान तथा तनीषा दास ने 88.60 प्रतिशत के साथ जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा राधिका आलेन्द्र ने 87.60 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान, अंकिता नाग ने 86.80 प्रतिशत के साथ जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है।



रमशीला नाग, वाणी साहू, आस्था वर्मा, निहारिका पोया, तनु साहू, मुस्कान यादव, किरन उसारे, तनीषा दास, राधिका आलेन्द्र, अंकिता नाग

### कलेक्टर ने छात्राओं को दी शुभकामनाएं

छात्राओं के विशेष उपलब्धि पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा सफल छात्राओं को उनकी इस शानदार प्रदर्शन के संबंध में बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के विशेष पहल पर छू लो आसमान आवासीय विद्यालय कन्या परिसर कारली में सत्र 2024-2025 से ड्रापर बैच प्रारंभ किया गया है जिसमें जेईई एवं नीईईट की कोचिंग हेतु आगामी सत्र हेतु छात्राएँ प्रवेश ले सकती है। बोर्ड परीक्षा में सभी छात्राएँ के प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने एवं जिले में टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस शानदार उपलक्ष्य पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एस. के अंबस्ट एवं डीएमसी हरीश गौतम के द्वारा राज्य टॉपर एवं जिला टॉपर विद्यार्थियों एवं छू लो आसमान प्रभारी अधिकारी, अधिक्षिका डॉ. शैनी रविन्द्र एवं समस्त शिक्षक गण को उनकी मेहनत एवं लगन के लिए भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पीएमश्री सेजेस बस्तर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोंड



पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर की सत्र 2024-25 में दसवीं की परीक्षा में कुल 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 40 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 97.56 प्रतिशत रहा। जिसमें 28 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया।

संस्था में प्रथम स्थान खुशी खूंटे 92.83 प्रतिशत, द्वितीय श्रेयशी मिश्रा 92.33 प्रतिशत, तृतीय रेहन दीवान 88.83 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किये। कक्षा बारहवी विज्ञान संकाय में कुल 38 विद्यार्थी संस्था से प्रविष्ट हुए जिसमें 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया। इस प्रकार परिणाम 89.47 प्रतिशत रहा। जिसमें 18 बच्चे प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया।

जीवविज्ञान संकाय में प्रथम दुष्यंत ध्रुव 84.2 प्रतिशत, द्वितीय चेतन पटेल 79.2 प्रतिशत, तृतीय पोषिता राजपूत 77.6 प्रतिशत गणित संकाय में प्रथम शौर्य जायसवाल 73.4 प्रतिशत, द्वितीय आर्यन मिश्रा एवं पुष्पित भंडारी 59 प्रतिशत,तृतीय साहिल कश्यप एवं तुषार भलेंद्र 55.8 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में 6 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी ने परीक्षा उत्तीर्ण किया अतः परिणाम 100 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान मोनिका मंडावी 76.6 प्रतिशत, द्वितीय प्रकाश त्रिपाठी 72.2 प्रतिशत, तृतीय शेख अनीश 57.4 प्रतिशत रहा। इस पर संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह, उपप्राचार्य कुलेश्वर यादव व समस्त पीएमश्री सेजेस स्टाफ द्वारा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओ को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से एनएमडीसी कर्मचारी की मौत



बचेली। गुरुवार सुबह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दूसरे के निर्माणधीन मकान में दो लेबर के साथ अपने निर्माणधीन मकान के लिए लोहे का पाइप लेने गए रिटायर्ड एनएमडीसी कर्मचारी हेमंत रजक का हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हों गयी। प्रथम दृष्ट्या मामला लापरवाही का लग रहा हैं, हाई टेंशन वायर अपने मानक स्तर से बहुत नीचे झूल रहा हैं। जिससे किसी भी प्रकार दुर्घटना अवश्यम्भावी हैं। मानक स्तर के अनुसार मकान के ऊपरी हिस्से से एलटी लाइन 8 फिट, 11 केवी लाइन 10 फिट, 33 केवी लाइन 12 फिट दूर होनी चाहिए। मकान के दीवार से एसटी लाइन 4 फिट, 11 केवी 6 फिट व 33 केवी लाइन 8 फिट दूर होनी चाहिए। विद्युत अधिनियम के अनुसार किसी भी भवन का निर्माण मौजूदा ओवरहेड लाइन के नीचे नहीं किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 2 एवं 3 बीएचके घर की ऊचाई लगभग 1533 वर्ग फुट मानक स्तर माना हैं। लेकिन बचेली में अवैध निर्माण के कारण मानक स्तर का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा हैं, नगरपालिका एवं बिजली विभाग भी इस और उदासीन हैं। इसमें कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं।

## संकनपल्ली पंचायत में आम के पेड़ के नीचे लगा समाधान शिविर का चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



सुशासन तिहार के तीसरे चरण में उसूर ब्लॉक के संकनपल्ली ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम पंचायत संकनपल्ली, ईलमिड़ी, सेमलडोडी, लंकापल्ली एवं ग्राम पंचायत एंगपल्ली के हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए समाधान शिविर का जन चौपाल आम पेड़ के छांव में लगा। समाधान शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकारी कोरसा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर सबित मिश्रा ने संकनपल्ली समाधान शिविर आ अवलोकन कर विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर मांग एवं शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी सुगमतापूर्वक देने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग सहित सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने बताया कि यह उसूर ब्लॉक का पहला शिविर है जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगो का त्वरित निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तर पर निराकृत होने वाले आवेदन का निराकरण किया जा रहा है वहीं शासन स्तर के मांगो को शासन स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों को प्राप्त आवेदन एवं उनके निराकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी आवेदकों को दी जा रही है। प्राथमिक शाला एंगपल्ली सड़क के किनारे स्थित होने की जानकारी मिलने एवं ग्रामीणों द्वारा तार फेंसिंग की मांग पर तत्काल 5 लाख रूपए की लागत से तार फेंसिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई।

नक्सल पीड़ति तीन परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास का प्रथम किश्त- सुशासन तिहार अर्न्तगत नक्सल पीड़ति 3 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत त्वरित प्रथम किश्त मिला। आवास के हितग्राही बने सुशीला बुरका, बुच्ची बुरका एवं लच्छी सोड़ी ने नक्सलियों द्वारा उनके परिवार पर किए हिंसात्मक वारदातों को बताते हुए भावुक हो गए।

## मद्देड़ में हो रहा घटिया सुलूर गेट और कैनाल निर्माण कार्य

### किसानों ने जताई नाराजगी, कांक्रीट से बाहर निकल रहा सरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़



मद्देड़ में सिंचाई विभाग द्वारा घटिया निर्माण करवाए जाने की सूचना है। 1 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से गेट और कैनाल निर्माण हो रहा है। सुलूर गेट निर्माण में गिट्टी, सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है और राड बाहर निकल रही है।

■ 1 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से हो रहा निर्माण कार्य

किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा कैनाल का काम करवाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गेट निर्माण कार्य तो तीव्र गति से चलाया जा रहा है। निर्माण कार्य में जो सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसमें गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में करोड़ों रूपए खर्च का भी कोई फायदा किसानों को मिलेगा, इसमें संदेह है। बिना वाइब्रेटर चलाए निर्माण किया जा रहा है। जिससे आने वाले पहली बरसात में ही कैनाल में दरारें आ सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह नहर निर्माण कार्य हो रहा है कि भारी बारिश होने पर कैनाल की लाइनिंग ध्वस्त हो जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार करोड़ों रूपए खर्च कर नहर निर्माण करवा रही है। ताकि नहर के पानी से किसान सिंचाई कर सकें। लेकिन घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।

#### निर्माण स्थल से समरी बोर्ड गायब

राज्य सरकार का नियम है कि किसी भी प्रकार के शासकीय निर्माण कार्य में मानक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है। जिससे आम नागरिकों को उक्त निर्माण कार्य की लागत, मापदंड, संबंधित ठेकेदार के फर्म व संबंधित अधिकारियों का नाम नंबर और संबंधित इंजिनियर, एसडीओ का नाम नंबर पता चले। लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मानक बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर आरोप लगा रहे है।

#### गुणवत्ताविहीन निर्माण

कैनाल निर्माण गुणवत्ताविहीन बन रहा है। सीमेंट और रेत मटेरियल का मिश्रण घटिया तरीके से हो रहा है, जिस तरह से काम हो रहा है बारिस में झेल नहीं पायेगा पहली बारिस में ही टूटने की संभावना है। जहां पकड़ो वहां से सीमेंट झड़ रहा है। कार्य को सुधारने अधिकारियों से बात करेंगे।

-श्याम बाबू,
उपसरपंच, चित्तापुरी

## सीताराम शिवालय से निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सीताराम शिवालय के 56 वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर मंहिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन किया गया। शाम को शोभायात्रा निकाली गई जो सीताराम शिवालय से प्रारंभ होकर स्टेटबैंक चौक, गोलबाजार चौक, सीरासार, दंतेश्वरी मंदिर गुरुद्वारा चौक, संजय बाजार, चांदनी चौक होते हुए सीताराम शिवालय पहुंची, जहां पर भगवान श्रीराम की आरती की गई। जिसमें पीले वस्त में महिलाएं शामिल हुई। इसके बाद समाज की ओर से रात्रि आठ महाभंडारे का आयोजन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बस्तर क्षेत्रीय कोष्टिय समाज द्वारा मंदिर परिसर में 24 घंटे के लिए अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया है। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक प्रतिष्ठानों में से एक सीताराम शिवालय की स्थापना 1969 में एक धार्मिक संगठन के रूप में हुई थी, जो बाद में सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित हुई। संस्था के 56 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ही यहां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। पूणार्हुति के बाद रामायण जी की आरती होगी।

## प्रदेश में छठवां स्थान हासिल करने पर कलेक्टर ने प्रियंका मुचाकी को दी शुभकामनाएं



**सुकमा।** जिले की होनहार छात्रा प्रियंका मुचाकी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ प्रियंका ने प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त कर टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है, जिससे पूरे सुकमा जिले में हर्ष का माहौल है। प्रियंका को उनकी सफलता पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मोबाइल पर संपर्क कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रियंका की मेहनत और लगन पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है और यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रियंका की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके माता-पिता और शिक्षकगण भी उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर पढ़ाई, आत्मविश्वास और परिजनों के सहयोग को दिया है।

## पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के सफाये पर भाजपा ने मनायी खुशी, बांटी मिठाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुये पराक्रमी भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान में घुस कर आतंकी ठिकानों व आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की कार्यवाही पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशियाँ मनायी और पाकिस्तानी आतंक के खिलाफ भारतीय सेना के शौर्य को सराहा व मिठाइयां बांटी।

बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय के समक्ष एकत्र हर्षित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर भारत माता की जय के जयकारे लगाये व पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के नेस्तानाबूद होने पर खुशियां जतायी। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया है। पाकिस्तान में घुसकर चुन चुन कर आतंकी ठिकानों पर हमारी पराक्रमी भारतीय सेना ने मिसाइल स्ट्राइक करके आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है। भारतीय सेना ने अद्भुत शौर्य व पराक्रम का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आतंकियों को कड़ी से कड़ी सज़ा भुगतनी पड़ेगी और भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को ठिकाने लगाया है यह गर्व का दिन है।



## खबर संक्षेप



### सीएचसी बकावंड में मना विश्व रेडक्रॉस दिवस

**जगदलपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड एवं इसके अधीनस्थ समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान के विषय में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली स्पर्धा में एनआरसी बकावंड के गीता राव, रजविंदर कौर, हेमलता बंजारे प्रथम और दिपिका नेताम, पूनम द्वितीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. गौरव ध्रुव, आशिया बानो प्रथम, सुनीता कोष्टा, संतोषी कश्यप एवं रितु साजन द्वितीय पुरस्कार जीता। बीएमओ बकावंड डॉ. हरीश मरकाम ने सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया एवं रेडक्रॉस, रक्तदान विषय में व्याख्यान दिया। सीएचसी बकावंड के साथ ही समस्त पीएचसी करपावंड, कचनार, मालगांव, जैबेल, मंगनार, कोलावल में भी इस अवसर पर स्पर्धा और कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सुशासन तिहार : प्रभारी सचिव आबिदी ने बैठक लेकर की समीक्षा

# शासन की मंशानुरूप योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर किया जाए क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- जिले के अंतिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके

सुशासन तिहार 2025 के संबंध में जिले की प्रभारी सचिव शम्मी आबिदी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया। प्रभारी सचिव ने सुशासन तिहार अंतर्गत समस्याओं और मांगों का बेहतर निराकरण करने के निर्देश दिए। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 8 मई को आयोजित बैठक में प्रभारी सचिव ने जिले में सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की विभागवार गहन समीक्षा किया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीन स्तर पर अच्छा क्रियान्वयन करें, जिससे जिले के अंतिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रभारी सचिव ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन प्रगति की





समीक्षा करते हुए जिले के दूरस्थ अंचलों में राजमिस्त्री की कमी को दूर करने राजमिस्त्री तैयार करने प्रशिक्षण दिलाने की बात कही। जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और कहा कि प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में फसल चक्र के लिए कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत हुए और खाद बीज की उपलब्धता की भी जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने जन औषधि केंद्र के संचालन की जानकारी लेते हुए कहा कि आम नागरिकों को जन औषधि केंद्र से दवाईयों की खरीदी के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। साथ जिले में जन औषधि केन्द्र की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे दूरस्थ अंचलों में भी इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास की विभागीय योजना की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के सख्त निर्देश दिए और कहा कि जिले में महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का करें निर्वहन

प्रभारी सचिव ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के लिए पूरी सजगता और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने महतारी वंदन योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं में हितग्राहियों के आधार सीडिंग के शीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही गर्भवती माताओं को पोषक आहार, पोषण ट्रेकर, बच्चों का आधार सत्यापन सहित विभिन्न महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति जानी

बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति, सिकल सेल स्क्रीनिंग, आय जाति निवास, ई डिस्ट्रिक्ट, पीएमश्री विद्यालय सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना के लिए प्राप्त आवेदन के साथ पेयजल, शिकायत, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन इत्यादि के निराकरण की स्थिति जानी।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ, वनमंडलाधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोनादई में 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का सम्मान, कलम भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई के उच्च विद्यालय दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए बधाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर व कलम भेंट कर परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना किया।

समारोह में सभापति जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल विकास राजु नायक ने कहा कि छोटा सा गाँव सोनादई लगातार कक्षा 10वीं एवं प्राथमिक शाला में नवोदय एवं एकलव्य में चयन हो रहें है, जिससे हमारे गाँव का नाम रोशन हो रहा है, जिसके लिए समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हुँ। मुझे हमेशा से पता था कि आप यह कर सकते हैं और मुझे आप पर बहुत गर्व है। कक्षा 10वीं मे प्रियांशी दीवान 10वीं 93.33 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, भूमिका दीवान 10वीं 62.66 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, नमन देहारी कक्षा 10वीं 77.33 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, यशराज पुरामे 12 वीं 72.20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, पुजा नुरुटी 12वीं 69.80 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, दुर्गा नुरुटी 12वीं 54.80 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी, भूमिका पुरामे 12 वीं 66.20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं आयुषी देहारी कक्षा छठवीं में एकलव्य में चयन हुआ है। इस मौके पर ग्राम पटेल प्यारेलाल दीवान, वार्ड पंच रुपेश दीवान, ग्राम गायता देवलु देहारी, सगनू दीवान, बिसाहू चूरपाल, फत्तेसिंह दीवान, शिवनाथ दीवान, छब्बी ठाकुर, धनेश राना, सामदेव दीवान, बिंदेसिंह देहारी, कदम दीवान, बीरेंद्र पुरामे, नंदकुमार देहारी, प्राथमिक शाला सोनादई के सहायक शिक्षक नरेश गावड़े सहित ग्राम के महिला-पुरुष, ग्राम संघठन युवा एवं जय माँ सोनादाई बालिका समूह के युवतियाँ उपस्थित होकर सभी बच्चों को बधाई शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# गांव की बेटियों ने रचा सफलता का इतिहास अभनपुर की छात्राओं ने किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

- छात्राओं का किया गया सम्मान

शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की चमक दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। सरोना तहसील के अंतर्गत आने वाले कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की मेधावी छात्राओं ने हाल ही में घोषित 12वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में इस विद्यालय की छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर न केवल विद्यालय और अभिभावकों का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे क्षेत्र और गांव का नाम भी रोशन किया है।

सरोना तहसील के अंतर्गत इस वर्ष कक्षा 12वीं का परिणाम विद्यालय के इतिहास में गौरवपूर्ण रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा पूजा मरकाम ने 88.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा ने न सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि ग्रामीण परिवेश की छात्राएं भी अगर समर्पण के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर हों, तो वे किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं। दूसरे स्थान पर रहीं देवीका मंडावी ने 83.60 प्रतिशत अंक





अर्जित किए। देवीका की यह सफलता उन सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखती हैं। तीसरा स्थान पूजा शोरी को मिला, जिन्होंने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह साबित किया कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ निश्चय से हर चुनौती को पार किया जा सकता है। 10वीं कक्षा की परीक्षा में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया कि शिक्षा का असली मूल्य समर्पण और निरंतर प्रयास में है। अनामिका नेताम ने 76.33 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हंसिका कोराम ने 75.16 प्रतिशत अंकों के साथ अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह परिणाम न केवल परिवार के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं। इस वर्ष की सबसे प्रेरक उपलब्धि रही समरिता नेताम एक दिव्यांग छात्रा हैं, जिन्होंने अपने शारीरिक सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए 68.40 प्रतिशत अंक अर्जित किए। उनकी यह सफलता यह सिद्ध करती है कि सच्ची लगन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता से किसी भी प्रकार की बाधा को पार किया जा सकता है। समरिता आज समस्त समाज के लिए एक जीवंत मिसाल हैं। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरपी नेताम, जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर एवं ग्राम पंचायत के सरपंच अजय मालती नेताम द्वारा विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को फूल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन छात्राओं ने यह साबित किया है कि शिक्षा अगर सही मार्गदर्शन और लगन के साथ प्राप्त की जाए तो वह समाज को नई दिशा देने में सक्षम होती है।



## महिला समूह की शिकायत पर विधायक ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जनपद पंचायत तोकापाल में बिहान केडर 4 कलस्टर के 240 केडर पदस्थ महिला स्वसहायता समूह के शिकायत के आधार पर तत्वरित कार्यवाही करते हुए चित्रकोट विधायक विनायक गोयल द्वारा उक्त समस्या का तत्काल समाधान किया गया। उक्त समूह में नया रास्ता स्वसहायता समूह जावेत्री मिश्रा, साई स्वसहायता समूह सोनमती घोष, जयंती मौर्य, ललिता बघेल, सुबती, कलावती, खेतेश्वरी, पुरनी कश्यप एवं अन्य बहुत से स्वसहायता समूह के महिलाएं उपस्थित रहे।

### अवैध उपज का परिवहन रोकें अन्यथा होगी कार्रवाई : जेडी

**जगदलपुर।** मंडी शुल्क का भुगतान किए गए बगैर कृषि उपज को अवैध तरीके से परिवहन को रोकने एवं पता लगाने में कृषि उपज मंडियों में तैनात अमले की रूचि दिखाएं और परिवहन रोकें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों की लापरवाही से कृषि उपज मंडी को हर दिन लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# श्रीपोतुलुरु वीर ब्रह्मेन्द्र स्वामी की ब्रह्मोत्सव अर्चना के साथ धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर के विश्वब्राह्मण समाज के द्वारा 7 मई को नायमुंडा स्थित श्रीपोतुलुरु विराट वीरब्राह्मनेंद्र स्वामी के मंदिर में उनके महापरिनिर्वाण दिवस को ब्रह्मोत्सव के रूप में विविध आध्यात्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस उपलक्ष्य में मंदिर में विभिन्न आयोजन किये गए, जिसमें स्वामी जी का अभिषेक ,पालकी सेवा किया गया इसके पश्चात विश्वब्रह्मण कुल के युवतियों एवं विवाहीत महिलाओं के द्वारा स्वामी जी का कुमकुम अभिषेक किया गया तदुपरान्त महाआरती एवं महाभण्डारे का आयोजन किया गया।



यह उत्सव 11वां वार्षिकोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर में समाज के प्रमुख रमेश सोनी, गुप्तेश्वर राव सोनी, सत्ती राजू सोनी, पी मोहन राव सोनी, के रामबाबू, प्रसाद राव, ब्राह्मजी सोनी, पी चंद्रा सोनी, ए शंकर राव, के सत्यनारायण सोनी,पी शंकर सोनी, पी राजा सोनी,के शेशु सोनी , वी श्रीधर सोनी, के नागराज, डी संबाशिव राव, पी.राजेश, एम श्रीनु सोनी, पी नंदू सोनी, एस श्रीनु सोनी, नारायण राव, सीएच जगदीश, सीएच पिंटू, ईसू सहीत बड़ी संख्या में विश्वब्रह्मण कुल की महिला एवं सदस्य शामिल रहे।

## सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए विपक्षी दल : सुब्रतो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



वर्तमान में जो सरकार छत्तीसगढ़ में चल रही है,वह सभी की सरकार है,अगर किसी को लगता है की कुछ समस्याओं की तरफ प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाना है तो आवेदन के माध्यम से ही संभव है। भाजपा नेता सुब्रतो विश्वास ने कहा जितने आवेदन प्राप्त हुए है,उनका निराकरण लगभग 85 प्रतिशत किया गया शेष आवेदन जिसके लिए राशि स्वीकृत होने की जरूरत है,कुछ मामले में जिनका न्यायालय में प्रकरण लंबित है,ऐसे मामलो का निराकरण नहीं हो पाया,जो जल्द निराकृत किया जाएगा।हां विष्णु देव साय की सरकार बड़ी पारदर्शिता के साथ जनता के हित में काम करना पड़ रहा है।सरकार बनने के बाद लगातार पूरी सरकार पूरी प्रशासन जनता के बीच जाकर आवेदन ली,उसके बाद संबंधित विभाग ने मांग,समस्या को निराकृत करने का प्रयास किया। भाजपा नेता विश्वास ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष के सुशासन पर दिए बयान को केवल सुर्खिया बटोरने के अलावा और कुछ नही है।

## दुर्गूकोंदल विकासखंड का 10 वीं का 90 और 12 वीं का 90.18 प्रतिशत परिणाम रहा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संचालित शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, जिला परियोजना समन्वयक रवि मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजलि मंडावी, खंड नोडल शिक्षक पंकज श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन में कक्षा 10 वीं परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं परीक्षा परिणाम 90.18 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय का परिणाम 92.51 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय का परिणाम 85.71 प्रतिशत, कला संकाय का परिणाम 90.71 प्रतिशत, गणित संकाय का परिणाम 80.56 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वी में हाई स्कूल मेडो, मर्रामपानी, आमागढ़, सुरुंगदोह, तराईघोटिया, 200 सीटर आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल, मंगहूर, इरागांव, जाड़ेकुर्से, आमकड़ा, लोहत्तर, कलंगपुरी डांगरा, सिहरी कुल 14 संस्थाओं के परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी स्कूल में सेजस दुर्गूकोंदल, 200 सीटर आवासीय, तरहुल, चिखली, लोहात्तर, मेडो, कोड़े विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत। कॉमर्स संकाय में हायर सेकेण्डरी स्कूल हाटकोंदल, लोहत्तर, दमकसा, कोड़े, कोड़ेकुर्से 100प्रतिशत परिणाम, कला संकाय में हायर सेकेण्डरी स्कूल चिखली, तरहुल, हाटकोंदल 100 प्रतिशत परिणाम रहा, गणित संकाय में हायर सेकेण्डरी स्कूल दमकसा, लोहात्तर,हाटकोंदल 100 प्रतिशत परिणाम रहा है।

## सशिमं भानुप्रतापपुर में मेधावी छात्र परीक्षा आज

**भानुप्रतापपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में कक्षा तृतीय से एकादश तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सत्र 2024-25 की मेधावी छात्र परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा 9 मई शुक्रवार को होगी। परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर उमावि भानुप्रतापपुर में होगी। परीक्षा दो पालियों सुबह 11 से 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में पहुंचना जरूरी है। परीक्षा में स्थान प्राप्त सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। यह जानकारी केंद्राध्यक्ष ने दिया।

## बरहेली में क्लस्टर समाधान शिविर का आयोजन

# ग्रामीणों को मौके पर मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन जिले सहित विकासखंड में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दुर्गूकोंदल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरहेली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच प्रिया वाडिया के उपस्थिति में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य पीलम नरेटी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार





आयोजित किया जा रहा है। योजनाएं तो अनेक हैं, किन्तु उनका वास्तविक लाभ लेने के लिए आम जनता का जागरूक होना बेहद जरूरी है।

बरहेली में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आज लोगों को दूर न जाकर पास के गांव स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किया जा रहे हैं जो की सरकार की अच्छी सोच है, जिसे जनता की आर्थिक एवं समय की बचत होती है। आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव, घरों में जाकर किया जाए। पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। समाधान शिविर में जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने भी संबोधित किया। इस पर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने कहा कि छूटे हुए पात्र लोगों को आवास का लाभ दिलाने के लिए आवास प्लस के तहत सर्वे कराने की बात कही और साथ ही जिन्हें आवास स्वीकृत हो चुका है, उन लोगों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का हुए, जहां ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई।

### 210 आवेदन हुए पत्र प्राप्त 54 का किया निराकरण

जनपद पंचायत के अंतर्गत 210 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें 54 आवेदन पत्र का निराकरण किया गया। वहीं जनपद पंचायत के द्वारा राशन कार्ड 13 वितरण किया गया एवं पेंशन पात्र स्वीकृत 17 लोगों को दी गई। इसके अलावा आधार कार्ड भी समाधान शिविर स्थल में बनाया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत के द्वारा समाधान शिविर में राशन कार्ड एवं अन्य पात्र लोगों को शिविर में वितरण किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास के रूप में आवेदन ज्यादा मात्रा में पहुंच रहे हैं। इसी तरह से सभी विभागों में अपने अलग-अलग ढग से समाधान शिविर में समाधान करने का अधिकारी कर्मचारी युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं।

### शिविर में ये रहे उपस्थित

समाधान शिविर में सरपंच हानपतरी, राऊरवाही, चिहरो, परभेली, आमाकडा, पेडावारी, लोहतर, जाड़ेकुसी के सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मडावी, बीआरसी लतीफ सोम, खड चिकित्सा अधिकारी डॉ चंदन बैरागी, बीपीएम नंदिनी दीवान, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, लेखपाल परमानंद नेताम, दया तुलावी, प्रमोद ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, एसएल नरेटी, संदीप सोरी, जल संसाधन, विद्युत मंडल, मत्स्य पालन, महिला बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य विभाग, मनरेगा एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

